<u>रेड रिबन क्लब द्वारा 'एच० आइ० वी० एड्स और नशा मुक्ति जागरूकता' से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन</u>

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में आज दिनांक 25 सितम्बर 2019 को रेड रिबन क्लब तथा यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में 'एच० आइ० वी० एड्स और नशा मुक्ति' पर जागरूकता से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन तथा स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में तीनों संभागों से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं को संपन्न किया। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इन सभी प्रतियोगिताएं का आयोजन महाविद्यालय में होता रहता है।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार क्रमशः शिवानी (बी० एस० सी० मैथ ऑनर्स द्वितीय वर्ष), नीतू (बी० कॉम सी० ए० द्वितीय वर्ष) तथा डोली सिंह (बी० एस० कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष), निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार क्रमशः दिव्या (बी० एस० सी० कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष), रश्मि सिंह (बी० एस० सी० मैथ ऑनर्स तृतीय वर्ष), रश्मि गर्ग (बी० एस० सी० कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरूस्कार प्रियंक सहरावत (बी० एस० सी० नॉन मेडिकल अंतिम वर्ष) तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार क्रमशः ज्योति बिष्ट (बी० एस० सी० मैथ ऑनर्स द्वितीय वर्ष), स्वाति (बी० एस० सी० मैथ ऑनर्स द्वितीय वर्ष) तथा आँचल (बी० कॉम सी० ए० तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० जयपाल सिंह तथा श्रीमती किरण आनंद निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० जयपाल सिंह

(संयोजक रेड क्रॉस) की देख रेख में श्रीमती त्रिमेष कालरा (समन्वयक, रेड रिबन क्लब), श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, रेड रोबन क्लब) के द्वारा संपन्न किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को विश्व एड्स दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।